हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 7 अगस्त 2025
[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

12 मानव तस्करी के आरोपों के बाद कांग्रेस जांच दल ...



13 स्वास्थ्य संबंधित गुणवत्ता सेवा में जिलों को ...




# उफनती नदी को पार कर पहुंचे 102 के कर्मी, महिला ने दिया बच्चे को जन्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

अलग खबर

स्वास्थ्य सुविधाओं की अव्यवस्थाओं को लेकर होने वाली परेशानियों को लेकर आए दिन सुर्खियां बनी रहती है। बस्तर जिले के ब्लॉक बास्तानार से एक गर्भवती महिला को लेने के लिए 102 महतारी एक्सप्रेस के कर्मचारियों ने बहती नदी को पार कर गर्भवती महिला तक पहुंचे, वहां महिला ने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। इससे परिजनों के आंखों में आंसू झलक उठे और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के बास्तानार ब्लाक के

## 102 के वाहन चालक ने डोली बनाकर महिला को नदी पार कर एम्बुलेंस तक पहुंचाया



### 25 किमी का सफर किया तय

बताया जा रहा है कि बास्तानार से बड़े बोदेनार 25 किमी था।ड्राइवर ने अपनी जान की परवाह किए बगैर नदी को पार कर 2 किमी पैदल जाकर महिला को लाए, जहां महिला ने एक कन्या को जन्म दिया।

### चालक की हुई प्रशंसा

स्वास्थ्य विभाग के सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक ने बताया कि 102 महतारी एम्बुलेंस के चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए महिला को अस्पताल पहुंचाया। चालक की जितनी प्रशंसा किया जाए कम है।



गांव बड़े बोदेनार में रहने वाली एक परिवार ने मंगलवार की सुबह बड़े बोदेनार रोडपारा में रहने वाली गर्भवती महिला श्रीमती लच्छो के प्रसव को लेकर परिजनों ने 102 महतारी एक्सप्रेस से मदद की मांगी। उसके बाद वाहन चालक उमेश वेट्टी द्वारा बड़े बोदेनार के लिए रवाना हुआ, गांव पहुंचने से पहले एक उफान में चल रही नदी को पार करना था। वाहन चालक 102 महतारी एम्बुलेंस के बिना देर किए उस उफनते नदी को पार कर महिला के पास पहुंचे, जहां परिजनों की मदद से वाहन चालक ने एक डोली बनाकर महिला को उसमें बैठाकर वापस उसी नदी को पार कर एम्बुलेंस तक पहुंचा। वाहन चालक के इस काम को देख लोगों ने ⏭ शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप



### स्वास्थ्य मंत्री ने एनीमिया मुक्त रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**दंतेवाड़ा।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित कलेक्टरेट परिसर से एनीमिया मुक्त रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले में एनीमिया की रोकथाम एवं जन जागरूकता के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है, जो ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जाकर लोगों को एनीमिया के लक्षण, कारण, बचाव एवं उपचार की जानकारी देगा। इस अवसर पर अध्यक्ष सीजीएमएससी दीपक महस्के, विधायक चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया, आयुक्त सह संचालक स्वास्थ्य सेवाएं प्रियंका शुक्ला, कलेक्टर कुणाल दुदावत, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा तथा स्वास्थ्य एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### रामलला दर्शन के लिए तीर्थयात्रियों को अयोध्याधाम किया गया रवाना



**दंतेवाड़ा।** समाज कल्याण विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना रामलला दर्शन अयोध्याधाम योजना के तहत 6 अगस्त से 9 अगस्त तक तीर्थयात्रा कराई जा रही है। दंतेवाड़ा जिले से 5 अगस्त को 28 तीर्थयात्रियों की बस को विधायक चैतराम अटामी, अध्यक्ष जिला पंचायत शनंदलाल मुड़ामी एवं अध्यक्ष नगर पालिका पायल गुप्ता द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

### खंडशिक्षा अधिकारी ने किया विद्यालयों का निरीक्षण



**दंतेवाड़ा।** शिक्षा की गुणवत्ता और स्कूल संचालन व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से खंड शिक्षा अधिकारी हरीश सिन्हा द्वारा संकुल केंद्र बचेली-1 एवं बचेली-2 के अंतर्गत संचालित प्राथमिक शाला बड़ेपारा बचेली, प्राथमिक शाला पटेलपारा बचेली, पोटाकेबिन प्राथमिक शाला पीएम सरस्वती एवं आदर्श माध्यमिक शाला कन्या आश्रम पीना बचेली का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सिन्हा ने विद्यालयों की शैक्षणिक गतिविधियों, शिक्षकों की उपस्थिति, विद्यार्थियों की सहभागिता, मध्यान्ह भोजन योजना, टीएलएम शैक्षणिक सामग्री के उपयोग, स्वच्छता व्यवस्था तथा विद्यालय परिसरों की भौतिक स्थिति का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। शिक्षण कार्य में सक्रियता और छात्रों की कक्षा में भागीदारी की सराहना करते हुए उन्होंने शिक्षकों को निर्देशित किया कि वे बच्चों की बुनियादी दक्षताओं पर विशेष ध्यान दें और मूल्यांकन कार्य नियमित रूप से संपन्न करें।

**सौगात :** जल्द शुरू हो जाएगा सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल, एम्स की तरह बस्तर को भी मिलेगा सिम्स

# दो महीने में चलेगी बाइक एम्बुलेंस, खाट से मरीज लाने की परेशानी होगी दूर: जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर के कई ऐसे पहुंचविहिन इलाके हैं जहां सड़के नहीं होने तथा बारिश में नदी नालों में बाढ़ आने से मरीजों को खाट में लादकर एम्बुलेंस तक लाना पड़ता है। इस समस्या को ध्यान में देखते हुए पहले की तरह फिर से बाइक एम्बुलेंस शुरू किया जाएगा। दो माह में पहुंचविहिन क्षेत्र के अस्पतालों में बाइक एम्बुलेंस की सुविधा मिल जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने सर्किट हाउस में बुधवार की सुबह पत्रकारवार्ता में यह बात कही।

उन्होंने कहा कि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल भी तीन महीने में शुरू हो जाएगा। इसके लिए एनएमडीसी से प्रति वर्ष 25 करोड़ रुपए सीएसआर मद से प्राप्त होंगे। लेकिन पूरा नियंत्रण सरकार का रहेगा। यहां आम मरीजों का भी इलाज होगा। यहां पर विशेषज्ञ चिकित्सकों की व्यवस्था रहेगी जिसका संचालन हैदराबाद का कॉन्टिनेंटल कंपनी को यह जिम्मेदारी दी गई है। सुपर विशेषज्ञ चिकित्सक 5 लाख वेतन चाह रहे थे लेकिन



सरकार की कुछ सीमाएं हैं इसलिए बातचीत की प्रक्रिया चल रही थी। वैसे भी सरगुजा और बस्तर में पदस्थ चिकित्सकों को 46 प्रतिशत अधिक वेतन मिलता है। सुपर स्पेशलिटी अस्पताल शुरू होने से बाहर जाने वाले मरीजों का इलाज यहां हो सकेगा। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यहां आयुषमान कार्ड से भी इलाज होगा इसलिए किसी तरह की परेशानी बस्तर के आम और खास मरीजों को नहीं होगी। मलेरिया से बस्तर में मौत के सवाल पर उन्होंने कहा कि आम तौर पर सरकारें आंकड़ों को छिपाती है लेकिन हम पूरे प्रदेश के मलेरिया के मरीजों का पूरा डॉटा आनलाइन सामने रख रहे हैं इसलिए संख्या अधिक लग रही है। छत्तीसगढ़ को मलेरिया मुक्त करने का सरकार की जो मंशा है वह पूरी होगी। घर-घर पहुंचकर मलेरिया के मरीजों का जांच हो रही है।

### पूरे प्रदेश में अस्पतालों को मिलेंगी नई एम्बुलेंस

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि वर्तमान में जो एम्बुलेंस हैं वह खस्ताहाल हो गई हैं, जिसके कारण परेशानी हो रही है। पूरे प्रदेश के लिए 375 नए एम्बुलेंस का टेंडर हो गया है दो-तीन महीने के भीतर बस्तर को भी नए एम्बुलेंस मिलेंगी। बस्तर के 7 जिलों में 7 ऐसी एम्बुलेंस होंगे जिसमें नर्स, उपकरण, दवाइयां सभी तरह की सुविधाएं होंगी। उन्होंने दावा किया कि कोई भी अस्पताल ऐसा नहीं है जहां एमबीबीएस डाक्टर नहीं है।

### बस्तर में एम्स का प्रस्ताव केंद्र को भेजेंगे

जायसवाल ने कहा कि एम्स की तर्ज पर सभी संभाग में सिम्स तैयार कर रहे हैं। बस्तर में भी सिम्स का लाभ लोगों को मिलेगा जो एम्स की तरह सर्व सुविधायुक्त और किफायती होगा। उन्होंने कहा कि बस्तर में 7 जिले हैं और भौगोलिक क्षेत्रफल केरल से बड़ा है। इसलिए एम्स का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजेंगे।

### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया, जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डे, महापौर संजय पाण्डेय, पार्षद योगेन्द्र पाण्डेय, निर्मल पाणिग्राही, लक्ष्मण झा, संग्राम राणा समेत अन्य भाजपाई व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## अंग्रेजी में जवाब सुन संयुक्त संचालक रह गए हैरान



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- घाटी के नीचे बसे बिनता गांव में शिक्षा की गूंज

बस्तर जिले के दूरस्थ विकासखंड लोहंडीगुड़ा के सुदूर घाटी के नीचे माध्यमिक शाला बिनता में संयुक्त संचालक शिक्षा राकेश पांडे निरीक्षण के लिए पहुंचे। यह विद्यालय जगदलपुर से लगभग 70 किलोमीटर दूर एक घाटी के नीचे स्थित है।

निरीक्षण के दौरान पांडे ने एक छात्रा से अंग्रेजी में संवाद किया। सबको आश्चर्य हुआ जब वह बालिका पूरे आत्मविश्वास और स्पष्ट उच्चारण के साथ हर प्रश्न का अंग्रेज़ी में उत्तर देने लगी। उसकी बेबाक शैली और भाषा पर पकड़ देखकर संयुक्त संचालक ने न केवल उसकी प्रशंसा की, बल्कि विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों की मेहनत को भी सलाम किया। संयुक्त संचालक संयुक्त संचालक राकेश पांडे ने कहा अंदरूनी इलाकों को लेकर जो सोच है कि यहां के बच्चे पिछड़े होते हैं, वह अब बदल रही है। यह बालिका इसका जीवंत उदाहरण है। बस्तर अब बदल रहा है। यहाँ की बेटियां भी अब नई ऊँचाइयों को छू रही हैं। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल भी मौजूद थे।

## कांवड़ यात्रा निकली, विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल ने निभाई सहभागिता



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर/बस्तर

- इंद्रावती से शिवालय तक भक्तिभाव और संस्कृति का अनुपम संगम

सावन माह के पावन अवसर पर बस्तर जिले में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में एक अत्यंत भव्य और ऐतिहासिक कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया, जिसने न केवल धार्मिक आस्था को सशक्त किया, बल्कि बस्तर की सांस्कृतिक चेतना को भी नई ऊर्जा प्रदान की। यह आयोजन ग्राम बस्तर स्थित ऐतिहासिक शिव मंदिर में सम्पन्न हुआ, जो राष्ट्रीय राजमार्ग



30 पर स्थित है और अपनी प्राचीनता एवं आध्यात्मिक गरिमा के लिए पूरे संभाग में विख्यात है। यहां स्थापित शिवलिंग को स्वयंभू माना जाता है और यह ⏭ शेष पेज 12 पर

## बस्तर में गुमशुदा बच्चों की वापसी, राखी के त्यौहार से पहले लौटी घरों में खुशियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- पुलिस ने खोजकर परिजन को सौंपा

आगामी राखी पर्व से ठीक पहले बस्तर जिले में ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुमशुदा बच्चों की बरामदगी ने कई परिवारों के चेहरों पर खुशी लौटा दी है। इस अभियान के तहत पिछले एक माह में लापता हुए बच्चों में से अधिकांश को उनके परिजनों को सौंप दिया गया है, जिससे त्यौहार का उत्साह और भी बढ़ गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल से खोए हुए बच्चों से परिजनों को फिर से मिलने का अवसर मिला।

पुलिस द्वारा मिली जानकारी के अनुसार पिछले एक महीने में बस्तर जिले से कुल 2 बालक और 9 बालिकाएं गुमशुदा हुई थीं। ऑपरेशन मुस्कान की सक्रियता के चलते, इनमें से 2 बालक और 7 बालिकाएं सुरक्षित बरामद कर ली गई हैं। इसके अतिरिक्त यह भी बताया गया है कि 5 अन्य बालिकाएं जो ⏭ शेष पेज 12 पर

### खुशियां हुईं दोगुनी

अपने बच्चों को वापस पाकर परिजन बेहद खुश हैं और उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, गृहमंत्री विजय शर्मा और पुलिस प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। राखी त्यौहार से ठीक पहले इन बच्चों की घर वापसी ने परिवारों की खुशियों को दोगुना कर दिया है, जिससे इस बार का पर्व और भी यादगार बन गया है। ऑपरेशन मुस्कान पुलिस द्वारा चलाए जा रहे एक महत्वपूर्ण अभियान है जिसका उद्देश्य गुमशुदा बच्चों को ढूंढना और उन्हें उनके परिवारों से मिलाना है।

## शहर में मोबाइल टॉवर लगाने आवश्यक दस्तावेज जमा नही किए, शहर से हटेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- निगम सभापति का सख्त रुख, कंपनी के शहर में लगे टॉवरों की वैधता की होगी जांच

शहर में स्थापित किए जा रहे इंडस टावर को लेकर नगर निगम द्वारा सख्त रुख अपनाया गया है। शहर महापौर संजय पांडे के मार्गदर्शन एवं आयुक्त प्रवीण वर्मा के दिशा निर्देश पर नगर निगम के राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा के चेंबर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें निगम के राजस्व अधिकारी एवं इंडस टावर लिमिटेड के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। विगत दिनों शांति नगर में स्थापित हो रहे इंडस टावर को शांति नगर वार्ड पार्षद जोस्टिन भवानी एवं वार्ड वासियों द्वारा इंडस टावर का विरोध किया गया।

बैठक में यह जानकारी मांगी गई कि अब तक शहर में कुल कितने इंडस टावर लगाए गए हैं। उनमें से कितने वैध व अवैध हैं,कितने टावरों का रिनुअल हुआ है और कितनों का नहीं और टावर शेयरिंग का भुगतान कब से लंबित है। इंडस टावर लिमिटेड जो कि भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया जैसी प्रमुख दूरसंचार कंपनियों की साझेदारी में संचालित है, से स्पष्ट जानकारी मांगी गई है। जब तक सभी आवश्यक दस्तावेज, अनुमतियाँ,और राजस्व संबंधित जानकारी निगम को नहीं मिल जाती, तब तक शहर में नई टावर स्थापना पर रोक लगा दी गई है।



### सभी टावरों की समीक्षा की जाएगी

राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा ने स्पष्ट किया कि नगर निगम के गठन के बाद से अब तक स्थापित सभी टावरों की समीक्षा की जाएगी और जिन टावरों में अनियमितता पाई जाएगी, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस बैठक में पार्षद जस्टिन भवानी,सब इंजीनियर नगर निगम दीपांशु देवांगन,इंडस टावर से अंकित,सुनील कुमार उपस्थित रहे।

बीपीएल परिवार दो अथवा तीन किश्तों में 38 हजार जमा करने की कर रहे मांग

# गरीब परिवार से एक ही किश्त में भुगतान करने का दबाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- निगम के नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में कांग्रेसी पार्षद महापौर एवं आयुक्त को मांगपत्र सौंप गरीबो को न्याय दिलाने की मांग

नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने बताया कि कांग्रेस पार्षद दल का एक प्रतिनिधिमंडल उनके नेतृत्व में नगर निगम के आयुक्त को एक मांगपत्र सौंपा। जिसकी प्रतिलिपि महापौर को भी प्रेषित की गई। मांगपत्र में नगर पालिक निगम के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत (एएचपी) के मकान आवंटन के लिए हितग्राहियों से मकान के कुल लागत लगभग 3 लाख 80 हजार का 10 प्रतिशत



राशि मांगा जा रहा है, जो कि 38000 रु होता है। बाकी का कुल रकम बैंक से लोन लेकर नगर निगम को भुगतान करना है।ऐसा नियम बताए जा रहा है।हितग्राहियों के द्वारा बैंक से संपर्क करने पर बैंक बिना मॉर्टगेज के कोई लोन नहीं मिलेगा, कहकर हितग्राहियों को भगा रहे हैं। बड़ी संख्या में गरीब परिवार जो एक मुश्त में पूरा रकम देने में असमर्थ हैं। उनके द्वारा 2 या 3 किस्त में 38000 रु को जमा करने की मांग कर रहे हैं,परंतु कर्मचारियों के द्वारा नियम में ऐसा प्रावधान नहीं है कहकर उन्हें पूरा रकम जमा करने के लिए बोला जा रहा है। जिसे लेकर आयुक्त को माँगपत्र देकर चर्चा किया गया। जिस पर आयुक्त ने शासन स्तर से मार्गदर्शन लेकर आगे की कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। साथ ही रकम जमा करने के लिए एक सप्ताह का समय और बढ़ाया गया है।

### उचित व्यवस्था बनाएं

मांगपत्र की प्रतिलिपि महापौर को देकर आग्रह किया गया है कि उन गरीब परिवारों के लिए 2 या 3 किस्त में रुपए जमा करने व्यवस्था के लिए उचित निर्देश दें। ताकि हितग्राही बिना आर्थिक दबाव के इस योजना का लाभ प्राप्त कर सके। इस दौरान उपस्थित रहे पार्षद शुभम यदु, जस्टिन भवानी, पूर्व पार्षद सुषमा सूता दास की ललिता राव वरिष्ठ कांग्रेसी आभास रत्न महंती सम्मलित थे।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया गया पौधारोपण



**दंतेवाड़ा।** शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दंतेवाड़ा में एक पेड़ मां के नाम महाविद्यालय में पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया। इस पौधारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जन भागीदारी अध्यक्ष राहुल असरानी, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. केएम प्रसाद, कार्यक्रम के संयोजक डॉ. दिनेश लहरी, दुष्यंत तारम, प्राध्यापक डॉ. शिखा सरकार डॉ. रत्ना बाला मोहंती तथा सहायक प्राध्यापक डॉ. अंजली कश्यप, सुश्री धारणा ठाकुर, रेशमा एक्का, बंशीधर चौहान, सरला पैकरा, सिद्धार्थ देवांगन, अमित साहू, सुश्री अंजलि मिंज, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. भारती रजक, सहित समस्त अतिथि व्याख्याता कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने पौधारोपण किया। इस कार्यक्रम में वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में कहा कि एक पेड़ मां के नाम पूरे भारतवर्ष में इस कार्यक्रम को किया जा रहा है। इनका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाना है। अतः हर जागरूक व्यक्ति पौधारोपण का संकल्प लेकर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाये।

## खबर संक्षेप



### कर्तव्यों का निर्वहन समयबद्ध व संवेदनशीलता के साथ करें

**कोण्डागांव।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष श्रीमती किरण चतुर्वेदी की अध्यक्षता में लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के न्याय रक्षकों के साथ एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य विधिक सहायता प्रणाली की प्रभावशीलता की समीक्षा करना। जरुरतमंदों को निःशुल्क व गुणवत्तापूर्ण विधिक सहायता सुनिश्चित करना था। बैठक के दौरान प्रधान न्यायाधीश ने डिफेंस काउंसिल के न्याय रक्षकों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। पात्रता और कर्तव्य विधिक सहायता प्राप्त करने की पात्रता की शर्तो और लीगल एड डिफेंस काउंसिल कार्यालय की भूमिका व दायित्वों का बेहतर ढंग से निर्वहन करना। प्राथमिकता अभिरक्षाधीन बंदियों के मामलों में प्राथमिकता के साथ पैरवी करना और हर महीने जेल का निरीक्षण करके बंदियों को विधिक सहायता उपलब्ध कराना। कर्तव्यों का निर्वहन समयबद्ध और संवेदनशीलता के साथ करना। उन्होंने जोर देकर कहा कि विधिक सहायता प्राप्त करने वाले व्यक्तियों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करना हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सुश्री गायत्री साय ने भी न्याय रक्षकों को निर्देश दिए कि वे विधिक सहायता प्राप्तकर्ताओं के साथ सहानुभूतिपूर्वक व्यवहार करें और उन्हें शीघ्र न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध रहें। बैठक में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती रेशमा बैरागी पटेल और लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। अंत में, सभी न्याय रक्षकों ने अपने सुझाव रखे और ऐसी समीक्षा बैठकें नियमित रूप से आयोजित करने का अनुरोध किया।

# पहली ही बारिश में भर-भराकर गिर गया 147 करोड़ की लागत वाला नवनिर्मित पुल

## कोण्डागांव-नारायणपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर घटिया निर्माण का आरोप, ग्रामीणों में भारी आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

बहुप्रतीक्षित कोण्डागांव-नारायणपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-130 के निर्माणाधीन सड़क निर्माण के नवनिर्मित पुल पहली बारिश भर-भराकर गिर गया है। घटना के बाद लोग पुल के निर्माण में अनियमिता का संदेह जता रहे हैं। घटना के बाद से ही ग्रामीणों में आक्रोश है, उन्होंने जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है। यह सड़क अबूझमाड़ के घने जंगलों में बसे गांवों को देश की मुख्यधारा से जोड़ेगी।

जानकारी के अनुसार इस परियोजना की कुल लंबाई 48 किलोमीटर है, जिसे 147.70 करोड़ की लागत से एक एजेंसी के माध्यम से निर्मित किया




आरोप : ग्रामीण व जनप्रतिनिधियों ने की जांच की मांग

राष्ट्रीय राजमार्ग-130 की गुणवत्ता पर उठे सवाल तकनीकी मानकों की अनदेखी के लगे आरोप

### डिस्मेंटल की करेंगे कार्रवाई

ज्यादा पानी गिरने के कारण कटाव से स्लैब गिर गया है। अब हम डिस्मेंटल की कार्यवाही कर पुनर्निर्माण करेंगे।

\- जीवन नेताम
एसडीओ, पीडब्ल्यूडी

जा रहा है। निर्माण में 69 पुलिया और 10 माइनर पुल शामिल है। हरिभूमि समाचार पत्र में 22 मई को प्रमुखता से तकनीकी मानकों की अनदेखी कर कार्य करने के संबंध में खबर प्रकाशित की गई थी। मामले को लेकर ग्राम कुम्हार पारा के सरपंच हेम कोर्राम ने कहा है कि इस पूरे निर्माण कार्य में जांच की आवश्यकता है। शासन प्रशासन को इस घटना की जांच करनी चाहिए, साथ ही निर्माण एजेंसी और संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई करनी चाहिए। पुल की गुणवत्ता की जांच करनी चाहिए और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। यदि पुल की उच्चस्तरीय जांच नहीं की गई तो शासन प्रशासन का विरोध करते हुए धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

## पीड़िताओं ने जांच दल को बताई उनके साथ हुए दुर्व्यवहार की कहानी

# मानव तस्करी के आरोपों के बाद कांग्रेस जांच दल पहुंचा अबूझमाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

दुर्ग में आदिवासी युवतियों और नन पर मानव तस्करी का आरोप लगाकर जेल भेजने के मामले की जांच के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी का एक जांच दल अबूझमाड़ के ओरछा पहुंचा। पूर्व दिनों बजरंग दल की सदस्य ज्योति शर्मा एवं अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा आदिवासी युवती के साथ मारपीट और जातिसूचक गाली-गलौज का भी आरोप है। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जांच दल का गठन किया है।

- एसपी से मिलकर सौंपा ज्ञापन, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं पर एफआईआर करने की मांग

जांच दल में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयोजक मोहन मरकाम, बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल, भानुप्रतापपुर विधायक



### कांग्रेस जांच दल ने एसपी से की मुलाकात



कांग्रेस जांच दल के ओरछा मे पीड़ित परिजनों से मुलाकात के बाद आज पूर्व विधायक चन्दन कश्यप की उपस्थिती मे कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता ने एसपी से मिले और आदिवासी युवती से दुर्व्यवहार करने वाले बजरंग दल के कार्यकर्ताओं पर एफआईआर करने हेतु ज्ञापन सौंपा।

सावित्री मंडावी, पूर्व विधायक चंदन कश्यप और जिला कांग्रेस अध्यक्ष बिसेल नाग समेत 7 अन्य सदस्य शामिल थे। जांच के दौरान दोनों पीड़ित लड़कियों ने बताया कि वे पिछले पांच सालों से नन के यहां आ-जा रही थीं और उनके आगरा, उत्तरप्रदेश जाने की जानकारी उनके परिजनों को भी थी। पीड़ित लड़की की मां ने भी इस बात की पुष्टि की। जांच दल को युवतियों ने अपने साथ हुए दुर्व्यवहार की पूरी घटना विस्तार से बताई।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष बिसेल नाग, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रवि देवांगन, शहर अध्यक्ष रघु मानिकपुरी, जिला कांग्रेस महासचिव शेख तौहीद अहमद, नगर पालिका पूर्व उपाध्यक्ष प्रमोद नैलवाल, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष बोधन देवांगन, वरिष्ठ कोंग्रेसी वीपी शुक्ला, पंडी राम वड्डे, गजा पटेल, एवं अन्य कांग्रेस सदस्य उपस्थित थे।

## कोंडागांव से अयोध्या धाम के लिए तीर्थयात्रियों का जत्था हुआ रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की 'राम लला दर्शन योजना' के तहत, कोंडागांव जिले से 51 श्रद्धालुओं का एक दल मंगलवार रात अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। कोंडागांव नगर के अंबेडकर चौक से बस्तर प्राधिकरण की उपाध्यक्ष और विधायक सुश्री लता उसेंडी ने रात 9 बजे हरी झंडी दिखाकर इन श्रद्धालुओं को विदा किया।

विधायक सुश्री लता उसेंडी ने इस योजना को प्रदेशवासियों को आध्यात्मिक रूप से सशक्त करने और रामभक्ति से जोड़ने का एक ऐतिहासिक प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि यह मुख्यमंत्री की दूरदृष्टि और जनकल्याणकारी सोच का परिणाम है। श्रद्धालु बस से राजनांदगांव तक की यात्रा करेंगे। वहाँ से ट्रेन द्वारा अयोध्या धाम के लिए प्रस्थान करेंगे। यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं में भगवान श्रीराम के दर्शन को लेकर भारी उत्साह और खुशी देखने को मिली। सरगीपाल की रहने वालीं श्रीमती ननकी वैष्णव ने भावुक होकर बताया कि यह उनकी पहली तीर्थयात्र है और पहली ही बार में उन्हें राम लला के दर्शन का सौभाग्य मिल रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा, राखी हर साल आएगी, लेकिन रामलला के दर्शन का अवसर बार–बार नहीं मिलता। इसी तरह, बड़ेराजपुर ब्लॉक के ग्राम पेंड्रावन से आए जोहन बैद्य ने भी मुख्यमंत्री की पहल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि उन्हें अयोध्या जाने का मौका मिलेगा। मसोरा के उलेचंद पटेल ने इस यात्र को अपने जीवन का अविस्मरणीय क्षण बताया। यह योजना राज्य के हजारों श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम की यात्र कराने के लिए शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य नागरिकों को धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना है।

## तीन होटल व मिठाई दुकान से लिए नमूने



**कोण्डागांव।** बने खाबो बने रहिबो जागरूकता अभियान के तहत आज कोंडागांव के खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने शहर के विभिन्न होटलों और मिठाई की दुकानों का निरीक्षण किया। इस अभियान का उद्देश्य बरसात के मौसम में खाद्य जनित बीमारियों और संक्रमण को रोकना है।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने होटल और मिठाई विक्रेताओं को खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं के बारे में जानकारी दी। उन्हें कागज के उपयोग से होने वाले नुकसान, एक ही तेल को बार–बार गरम करके इस्तेमाल करने के दुष्प्रभाव और खाने की चीज़ों को सही तरीके से रखने के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके साथ ही, कर्मचारियों की व्यक्तिगत साफ–सफाई और बरसात में बरतने वाली सावधानियों पर भी जोर दिया गया। सभी प्रतिष्ठानों को इन निर्देशों का सख्ती से पालन करने के लिए कहा गया। इस जाँच के दौरान शानू होटल पलारी से कलाकंद और खोवा बर्फी, सेठिया होटल से दी लड्डू और चौधरी स्वीट्स से सलौनी व गाठिया मिठाई के नमूने लिए गए। इन नमूनों को गुणवत्ता जाँच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, रायपुर भेजा गया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे खराब या खुले में बिकने वाली खाने की चीजें न खरीदें और किसी भी तरह की शंका होने पर तुरंत प्रशासन को सूचित करें।

## शिक्षक बनेंगे मेंटल हेल्थ एम्बेसेडर, यूनिसेफ की पहल से मानसिक स्वास्थ्य पर प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

यूनिसेफ, शिक्षा विभाग और जिला स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त पहल से अब शिक्षक मेंटल हेल्थ एम्बेसेडर बनकर मानसिक रूप से अस्वस्थ बच्चों की मदद करेंगे। इसी कड़ी में बीआरसी कार्यालय माकड़ी में माध्यमिक शालाओं के शिक्षकों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ऐसे बच्चों को पहचानना और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ते हुए समुचित शिक्षा प्रदान करना है।

- माकड़ी में शिक्षकों को मिला दो दिवसीय प्रशिक्षण



इस प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षक यह जान पाएंगे कि मानसिक रूप से अस्वस्थ बच्चों की पहचान कैसे की जाए और उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से कैसे जोड़ा जाए। वे ऐसे बच्चों का चिन्हांकन कर उन्हें सही कक्षा में दाखिला दिला पाएंगे। साथ ही, जो बच्चे पहले से स्कूल में दर्ज हैं, उन्हें भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में सक्षम हो जाएंगे। मास्टर ट्रेनरों ने विभिन्न गतिविधियों के जरिए प्रशिक्षण को रोचक और रुचिपूर्ण बनाया, जिससे सभी शिक्षकों ने सहजता से इसमें भाग लिया।

### प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर और अधिकारियों की भूमिका

इस प्रशिक्षण को सफल बनाने में मास्टर ट्रेनर कीर्तन ध्रुव, निरंजन पोयाम, डॉ. विनय, मनीषा पोयाम, तिलक कश्यप, देवव्रत मरकाम, लाला राम साहू, अमर सिंह मरकाम और निधि साहू ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। समापन समारोह में बीईओ ने सभी शिक्षकों से प्रशिक्षण का ज्ञान जमीनी स्तर पर लागू करने की अपील की। इस पूरे कार्यक्रम का संचालन विकासखंड शिक्षा अधिकारी एस.आर. देवांगन, विकासखंड स्रोत समन्वयक ताहिर अहमद खान और बीआरपी भेदराम मानकर के मार्गदर्शन में हुआ, जिन्होंने इसे सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## ब्राह्मण समाज कोंडागांव ने की कावड़ यात्रियों की सेवा



**कोण्डागांव।** कावड़ यात्रा के दौरान समाज की ओर से रायपुर नाका के पास पैदल कावड़ सेवकों के लिए ब्राह्मण समाज कोंडागांव द्वारा विशेष सेवा व्यवस्था की गई। इस सेवा के अंतर्गत खस और गुलाब के शरबत के साथ–साथ फल वितरित किए गए। इस सेवा व्यवस्था की बदौलत हजारों की संख्या में कावड़ यात्रियों की सफलतापूर्वक सेवा की जा सकी। इस सेवा कार्यक्रम में समाज के कई सदस्यों का सक्रिय सहयोग रहा। विशेष रूप से राजेश झा एवं उनका परिवार, रामायण मण्डली के सदस्य, पवन झा, सुरेंद्र मिश्रा, राम चरन पांडे, सौरभ उपाध्याय, रूपेश झा एवं राघव मानस मंडली के सदस्य इस सेवा में प्रमुख रूप से शामिल रहे। समाज की ओर से इन सभी सेवाभावी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया गया, जिनकी बदौलत यह सेवा सफलतापूर्वक संपन्न हो सकी।

## बछिया के जटिल हर्निया का हुआ सफल ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



विकासखंड अंतर्गत ग्राम बेलगांव में एक वर्षीय बछिया में लेट्रल एब्डॉमिनल हर्निया की जटिल स्थिति का सफल शल्यचिकित्सकीय उपचार किया गया। यह सर्जरी उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. एमबी सिंह के कुशल मार्गदर्शन में सम्पन्न की गई। लेट्रल एब्डॉमिनल हर्निया एक ऐसी चिकित्सकीय स्थिति है, जिसमें पेट की दीवार की मांसपेशियाँ कमजोर या फट जाती हैं, जिससे आंत या अन्य अंग पेट की दीवार से बाहर निकल आते हैं।

यदि समय पर उपचार न किया जाए, तो यह पशु के लिए जानलेवा भी हो सकता है। विशेष रूप से बढ़ते हुए बछड़ों और गाभिन बछिया में यह स्थिति चिंता का विषय बन जाती है। प्रभावित बछिया के दायें पार्श्व उदर में असामान्य सूजन देखी गई थी, जिसे चिकित्सकीय परीक्षण के पश्चात लेट्रल एब्डॉमिनल हर्निया के रूप में चिन्हित किया गया। पशु की गंभीर स्थिति को देखते हुए तत्काल शल्यचिकित्सा की योजना बनाई गई।

### इन्होंने किया ईलाज

इस जटिल सर्जरी का नेतृत्व पशु चिकित्सा सहायक सर्जन डॉ. ढालेश्वरी द्वारा किया गया, ऑपरेशन में डॉ. दीपिका सिदार का भी सहयोग रहा। तकनीकी सहायता सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी डी. पी. साहू एवं सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, डटन खेमराज द्वारा प्रदान की गई। सर्जरी पूर्णतः सफल रही तथा पशु को निगरानी में रखा गया है और उसे आपरेशन पश्चात आवश्यक चिकित्सा सुविधा प्रदान की जा रही है।

## ब्लाइंड मर्डर व दुष्कर्म की गुत्थी सुलझी आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



कुआकोंडा पुलिस ने दुष्कर्म व हत्या के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। घटना 25 जुलाई के प्रातः करीबन 8 बजे ग्राम पालनार निवासी मृतिका उम्र 45 साप्ताहिक बाजार पालनार गई थी। जो शाम करीबन 4 बजे तक साप्ताहिक बाजार में ही शराब पीये हुए हालत में ईमली पेड़ के पास बैठी थी। मृतिका रात्रि में अपने घर नहीं गई। 26 जुलाई के प्रातः करीबन 7 बजे गांव की ग्रामीण महिलाएं बाजार की साफ सफाई कर रही थी। उसी दौरान मृतिका के शव बाजार के ईमली पेड़ के पास बिना कपड़ों के मृत अवस्था में पड़ी थी। परिजनों के सूचना पर मौके पर पुलिस के द्वारा रिपोर्ट कायम कर शव का पीएम कराने भेज दिया। पीएम रिपोर्ट के आधार पर मृतिका के साथ दुष्कर्म कर उसके गुप्तांग में चोंट पहुंचाने से उसकी मृत्यु होना पाया गया। विवेचना के दौरान अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा गौरव राय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरके वर्मन के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कुआकोडा सुश्री कल्पना वर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कुआकोडा मोहर साय लहरे के नेतृत्व में लगातार पता साजी की जा रही थी। इस दौरान संदेही आरोपी भीमा राम मरकाम उर्फ बोडडा पिता स्व. कामा मरकाम उम्र 30 वर्ष निवासी पालनार मोसलटोडा थाना कुआकोडा जिला दन्तेवाडा की गतिविधियां संदेस्यापद था तथा घटना के समय घटनास्थल के आपपास उपस्थिति पता चलने पर अभिरक्षा में लेकर तथ्यात्मक एवं बारिकी से पुछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार करने पर 5 अगस्त को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी दन्तेवाड़ा के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया। इस कार्यवाही में रमेश मरकाम, मनोज तिवारी, किशोर पटेल, झिमटू मण्डावी, परदेशी मण्डावी, लाली नेताम, राजू ओयामी व श्यामलाल अटामी की भूमिका रही।

## समाज के सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

# ब्राह्मण समाज भवन में हुआ पौधारोपण, हनुमान चालीसा से गूंजा परिसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कनेरा रोड स्थित ब्राह्मण समाज भवन में मंगलवार को पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाज के सभी सदस्यों और पदाधिकारियों ने मिलकर भवन परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए और हरियाली एवं स्वच्छ वातावरण का संदेश दिया। इस कार्यक्रम की शुरुआत समाज के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा पौधे लाकर की गई, जिसके बाद सभी ने सामूहिक रूप से मिलकर पौधारोपण किया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने कहा कि पेड़-पौधे न केवल पर्यावरण के लिए फायदेमंद हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक अमूल्य धरोहर हैं। वृक्षारोपण के बाद समाज भवन में सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ भी किया गया, जिससे परिसर भक्तिमय हो गया।

- आने वाली पीढ़ियों के लिए धरोहर बनाए रखने का लिया संकल्प



### निरंतर ऐसे आयोजन करने का लिया संकल्प

समाज के सचिव पवन झा ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में एकजुटता लाने के साथ–साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए भी प्रेरणा देते हैं। इस मौके पर प्रवीण मिश्रा, चीन तिवारी, रूपेश झा, उमाशंकर तिवारी सहित अन्य सदस्य भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। ब्राह्मण समाज द्वारा भविष्य में भी ऐसे ही सामाजिक एवं पर्यावरणीय कार्यक्रमों को निरंतर आयोजित करने का संकल्प लिया गया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर समाज के अन्य वरिष्ठ सदस्य गोपाल दीक्षित, आलोक दुबे, बी.पी. पांडे, जी.एन. तिवारी, सुशील शर्मा, अवध किशोर मिश्रा, मनोज पांडे, रामचरण पांडे, महिला अध्यक्ष शांति बाजपेई, तथा सुरेश पांडे, उर्मिला पांडे, गीता पांडे, शिखा पांडे, मधु तिवारी, बृजेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष सदस्य उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष

### उफनती नदी को ....

वीडियो भी बनाया, जहां उसे शेयर भी किया गया। एम्बुलेंस चालक ने स्थानीय ग्रामीणों के मदद से मरीज को सुरक्षित रूप से सीएचसी बड़े किलेपाल पहुंचाया। श्रीमती लच्छो को समय पर स्वास्थ्य लाभ मिलने पर सीएचसी बड़े किलेपाल में एक सफल प्रसव हुआ। महिला ने एक बच्ची को जन्म दिया, इससे परिजनों ने 102 महतारी एक्सप्रेस के कर्मचारियों को धन्यवाद भी दिया।

### कांवड़ यात्रा निकली....

मंदिर केंद्रीय पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित धरोहर के रूप में चिन्हित है। कांवड़ यात्रा का शुभारंभ बस्तर की जीवनदायिनी मानी जाने वाली पवित्र इंद्रावती नदी के तट पूंजीगुड़ा से हुआ, जहाँ श्रद्धालुओं ने विधिपूर्वक जल संग्रह किया। हजारों कांवड़िए इस जल को अपने कंधों पर धारण करते हुए उत्साह और भक्ति भाव के साथ ग्राम बस्तर के प्राचीन शिवालय तक पहुंचे। पूरे मार्ग में ग्रामवासियों और सामाजिक संगठनों द्वारा भक्तों का पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया तथा उनके लिए फल, जल और विश्राम की उत्तम व्यवस्था की गई।

ये रहे उपस्थित : इस दौरान विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल से जिला अध्यक्ष शंकरलाल गुप्ता,विभाग संयोजक सिकंदर कश्यप,जिला मंत्री नवीन देवांगन,उपाध्यक्ष प्रेम चालकी,जिला कोषाध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी,सह मंत्री घनश्याम नाग,जिला सह मंत्री होमेश राठौर,जिला सेवा प्रमुख देवेंद्र कश्यप,जिला संयोजक नरेश कोरी,सह संयोजक योगेश रैली,प्रखंड अध्यक्ष विवेक शुक्ला समेत अन्य उपस्थित थे।

### बस्तर में गुमशुदा ....

पहले से ही लापता थीं, उन्हें भी इस अभियान के दौरान सफलतापूर्वक खोज निकाला गया है। तेलंगाना के हैदराबाद, आंध्र प्रदेश के कुडूर, ओडिशा के जैपुर, तमिलनाडु के त्रिपुर और छत्तीसगढ़ के कोरबा से इन बच्चों को बरामद किया गया है, जो यह दर्शाता है कि लापता बच्चों को तलाश करने में बहुत अधिक गंभीरता दिखाई गई है। यह सफलता पुलिस के अंतर-राज्यीय समन्वय और अथक प्रयासों का परिणाम है।

## खबर संक्षेप

### नंदी को दूध व पानी पिलाने भक्तों का लगा भीड़



**बचेली।** बचेली 2 न. बंगाली कैंप में आशीष विश्वास के घर स्थित शिव मंदिर में उस समय भक्तों का तांता लग गया जब मंगलवार शाम को पूजा करने गई घर की महिला ने दावा किया कि नंदी महाराज पानी पी रहे हैं। इस दावे के बाद मंदिर में लोगों की भीड़ लग गयी, लोग लाइन लगाकर मंदिर में स्थित नंदी महाराज को दूध व पानी पिलाने लगे। धीरे-धीरे यह बात पूरे गांव में फैल गयी। लोग नंदी को जल पिलाने व पूजा अर्चना में लगे रहे, बंगाली कैंप के तापस गाईन ने बताया कि घर में स्थापित यह मंदिर लगभग 50 वर्ष पुराना हैं, यहां हर वर्ष शिवरात्रि और सावन सोमवार को श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंचती हैं।

### स्वतंत्रता दिवस की तैयारी के संबंध में हुई बैठक

**सुकमा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला शिक्षा कार्यालय के सभाकक्ष में जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मंडावी की अध्यक्षता में डीएमसी उमाशंकर तिवारी, जिला खेल अधिकारी, सहायक कार्यक्रम समन्वयकों एपीसी की उपस्थिति में सुकमा जिले में आयोजित जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में भाग लेने वाले संस्थाओं के प्राचार्य, सांस्कृतिक प्रभारियों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 10 शैक्षणिक संस्थानों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में फोक सॉंग और देश भक्ति गीतों से प्रस्तुति होगी। 12 अगस्त को चयन हेतु प्रदर्शन देना होगा इसमें सभी संस्थाएं शामिल होंगी। 13 अगस्त को तैयारी के संबंध में फाइनल प्रदर्शन मिनी स्टेडियम सुकमा में देना होगा।

### आत्मसमर्पित माओवादियों को मिल रहा नया जीवन



**सुकमा।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लागू माओवादी आत्मसमर्पण राहत एवं पुनर्वास नीति और बस्तर संभाग के अंदरूनी गांवों के समग्र विकास के लिए विशेष रूप से संचालित नियद नेल्ला नार योजना ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास और विश्वास का नया मार्ग प्रशस्त किया है। इस योजना के कन्वर्जेंस के माध्यम से जिला प्रशासन सुकमा द्वारा आत्मसमर्पित माओवादियों को कौशल प्रशिक्षण, पुनर्वास एवं स्वरोजगार से जोड़कर समाज की मुख्यधारा में सफलतापूर्वक जोड़ा जा रहा है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन में चल रहे इस कार्यक्रम के अंतर्गत लाइवलीहुड कॉलेज एवं ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में विभिन्न ट्रेड में निःशुल्क प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि आत्मसमर्पित युवा और महिलाएं आर्थिक रूप से स्वावलंबी होकर समाज में सम्मानजनक जीवन जी सकें।

---

### केन्द्र और राज्य के स्वास्थ्य कार्यक्रमों को मिशन मोड में लागू करें

# स्वास्थ्य संबंधित गुणवत्ता सेवा में जिलों को अग्रणी बनाएं : जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा





प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक ली। उन्होंने मलेरिया मुक्त अभियान पर विशेष जोर देते हुए कहा कि बस्तर संभाग में मलेरिया नियंत्रण के प्रयासों को और अधिक सघन एवं क्षेत्रीय डाटा आधारित बनाना जरूरी है।

- स्वास्थ्य मंत्री ने एनीमिया मुक्त दंतेवाड़ा अभियान का किया शुभारंभ

मंत्री ने सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों और सिविल सर्जनों से आग्रह किया कि वे अपनी पूरी क्षमता के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि मलेरिया उन्मूलन के लिए छोटी-छोटी बातों पर भी गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है, क्योंकि यही सतर्कताएं मिलकर बड़े परिणाम देती हैं। मंत्री जायसवाल ने स्पष्ट निर्देश दिए कि डीडीटी का छिड़काव स्कूलों, आंगनवाड़ियों, आश्रम शालाओं एवं पोटाकेबिनों में मिशन मोड में किया जाए, ताकि मलेरिया की रोकथाम प्रभावी ढंग से हो सके। साथ ही सभी स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे मच्छरदानी के उपयोग को लेकर अधिक से अधिक जन जागरूकता फैलाएं। बैठक के दौरान मंत्री ने पारंपरिक उपायों की चर्चा करते हुए कहा कि गांवों में नीम की पत्तियों और गोबर के कंडे जलाकर मच्छरों को भगाने की परंपरा रही है, जिसे भी अपनाया जा सकता है। उन्होंने इन उपायों को भी समुदाय में पुनर्जीवित करने की बात कही। स्वास्थ्य मंत्री ने चिरायु कार्यक्रम के संदर्भ में कहा कि स्वास्थ्य विभाग के मैदानी चिकित्सा कर्मचारियों कार्यकर्ताओं की कार्यक्षमता का सही उपयोग सुनिश्चित करें। सभी स्वास्थ्य अभियानों में अन्य विभाग के समन्वय के साथ-साथ अधिकारियों जनप्रतिनिधियों आमजनों की भागीदारी भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने आगे कहा कि बस्तर जैसे अंचल में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदाय किया जाना एक सही मायने में स्वयं के लिए उपलब्धि है। चूंकि चिकित्सकीय पेशा को ईश्वरीय दर्जा दिया जाता है। अतः इसी सिद्धांत को सर्वोपरि रख कर हमारा प्रयास होना चाहिए कि हम उत्तम से उत्तम जनसेवा कर इसे सार्थक बनाये। फिर चाहे वह राज्य एवं केन्द्र सरकार की मलेरिया, एनीमिया, क्षय रोग, उन्मूलन योजना, मातृ शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, आरोग्य मेला जैसे अभियान हो हर अभियान को मिशन मोड में पूरा करें। ताकि स्वास्थ्य संबंधित गुणवत्ता सेवा में हमारा प्रदेश राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी हो।

बैठक में स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया एवं आयुक्त सह संचालक डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा बस्तर संभाग के कांकेर, कोंडागांव, नारायणपुर, बस्तर, सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा जिलों में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों जैसे राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम, मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम, शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, राष्ट्रीय गैर संचारी रोग नियंत्रण एवं रोकथाम कार्यक्रम, अस्पताल प्रशासन एवं क्वालिटी एश्योरेंस कार्यक्रम, क्वालिटी एश्योरेंस कार्यक्रमों में उक्त जिलों के प्रगति, क्रियान्वयन, प्रदर्शन पर समीक्षा करते हुए मंत्री को अवगत कराया कि राज्य शासन द्वारा स्वास्थ्य संबंधी सभी कार्यक्रमों की क्रियान्वयन की लगातार मॉनिटरिंग की जाती है साथ ही इसके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की समस्याओं दिक्कतों पर तुरंत कार्यवाही की जाती है। इस दौरान कहा गया कि शासन का उद्देश्य है कि मलेरिया को पूरी तरह समाप्त किया जाए। उन्होंने कहा कि यह तभी संभव है जब जिला, विकासखंड और ग्राम स्तर पर स्वास्थ्य अमला पूरी सक्रियता के साथ कार्य करे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और खंड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे स्वयं फील्ड में जाकर मलेरिया अभियान की निगरानी करें। आरडी किट से जांच के दौरान यदि कोई व्यक्ति मलेरिया पॉजिटिव पाया जाता है, तो उसे दवा की पूरी खुराक दी जाए। साथ ही मितानिनों द्वारा दी गई दवाओं का रैफर जमा किया जाए, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि मरीज ने दवा पूरी कर ली है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मलेरिया से किसी भी स्थिति में मृत्यु नहीं होनी चाहिए। बैठक में पीपीटी के माध्यम से बताया गया कि मलेरिया उन्मूलन हेतु मलेरिया मृत्यु निरंक किये जाने, मलेरिया प्रकरणों में 30 प्रतिशत कम लाने, सभी उप स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर 70 प्रतिशत से अधिक एक्टिव सर्विलेंस एवं सभी मलेरिया प्रकरणों का पूर्ण उपचार एवं फॉलोअप, सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ता को पुनः प्रशिक्षण, गंभीर मलेरिया प्रकरणों के प्रबंधन हेतु मेडिकल ऑफिसर का प्रशिक्षण, आईएचआईपी का शत प्रतिशत क्रियान्वयन, पर जोर दिया जा रहा है।

#### विधायक ने स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने रखी मांग

विधायक चैतराम अटामी द्वारा जिले में एंबुलेंस सेवाओं में कमी को देखते हुए अतिरिक्त एंबुलेंस की आवश्यकता पर ध्यान आकर्षित किया गया। अपोलो हॉस्पिटल बचेली में एंबुलेंस सेवाओं में पंजीयन शुल्क में कमी, मरीजों को रायपुर रेफर करने की स्थिति में दंतेवाड़ा से रायपुर तक एंबुलेंस सेवा, छिंदनार में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के संचालन जिला चिकित्सालय में सर्जन डॉक्टरों की नियुक्ति संबंधी मांगों पर स्वास्थ्य मंत्री को अवगत कराया। इस संबंध में स्वास्थ्य मंत्री द्वारा उचित कार्यवाही करने हेतु आश्वस्त किया गया। बैठक के समापन पर कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा कहा गया कि जिला प्रशासन चिकित्सा प्रदाय सेवाओं की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है और आने वाले समय में हमें इसके बेहतर परिणाम मिलेगें। साथ ही उन्होंने कहा कि बैठक में दिए गए निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जायेगा। इस दौरान बैठक में अध्यक्ष सीजीएमएससी दीपक महस्के, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, महामारी नियंत्रक एसके पाम्भोई, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा तथा स्वास्थ्य एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

---

## बच्चों के सर्वांगीण विकास पर की गई गहन चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली



आज संकुल केंद्र बचेली 2 अंतर्गत संचालित समस्त शासकीय विद्यालयों में प्रथम पालक-शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक 1 अगस्त से 7 अगस्त तक आयोजित की जा रही है, जिसमें पालकों और शिक्षकों के बीच बच्चों के सर्वांगीण विकास पर गहन चर्चा की जा रही है।

- बच्चों के संवाद में झिझक को दूर कर आत्मविश्वास बढ़ाने पर चर्चा

इस बैठक का उद्देश्य विद्यालय एवं पालकों के बीच समन्वय स्थापित कर बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं शैक्षणिक विकास को सुनिश्चित करना है। बैठक के माध्यम से पालकों को विद्यालय की गतिविधियों, शिक्षण प्रक्रियाओं, विद्यार्थियों की दिनचर्या, परीक्षा परिणाम, स्वास्थ्य एवं पोषण जैसे महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी जा रही है।

बैठक में बच्चों के लिए घर का सकारात्मक अध्ययन वातावरण बनाना, दिनचर्या पर निगरानी व बच्चों को गलत आदतों से दूर रखना। प्रतिदिन स्कूल में सीखी गई बातों की जानकारी लेना, संवाद में झिझक को दूर कर आत्मविश्वास बढ़ाना, अकादमिक प्रगति व परीक्षा परिणामों की समीक्षा, बस्ता रहित शनिवार की गतिविधियों की जानकारी देना, स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण पर सुझाव, जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र से संबंधित जानकारी व सहायता। न्योता भोज के आयोजन हेतु प्रेरित करना। छात्रवृत्ति, प्रतियोगी परीक्षाएं एवं शासकीय योजनाओं पर चर्चा। पॉक्सो एक्ट 2012 की जानकारी एवं सुरक्षा संबंधी जागरूकता।, डिजिटल शिक्षा के संसाधनों जैसे दीक्षा ऐप, ई-जादुई पिटारा व डिजिटल लाइब्रेरी की जानकारी देना। शिक्षकों ने बताया कि डिजिटल प्लेटफार्मों पर उपलब्ध शिक्षण सामग्री बच्चों के लिए बेहद उपयोगी है और पालकों को भी इन संसाधनों से अवगत रहना चाहिए ताकि बच्चों को घर पर भी सहयोग मिल सके।

इस बैठक ने पालकों और शिक्षकों के बीच संवाद को मजबूत किया है, जिससे निश्चित ही बच्चों के भविष्य को नई दिशा मिलेगी। संकुल समन्वयक बचेली 2 का सराहनीय योगदान रहा है।

### स्लरी पाइप लाइन गड्ढा में गिरने से हुई मृत्यु की होगी दण्डाधिकारी जांच

**दंतेवाड़ा।** कार्यालय कलेक्टर द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार 28 जुलाई ग्राम हाउरनार में निवासरत टिकेश्वर सिंह पिता गौतम, उम्र 11 वर्ष की मृत्यु स्लरी पाईपलाईन हेतु खोदे गये गड्ढे में गिरने से हो गई थी। इस संबंध में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 196 के तहत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए एतद् घटना की जिला दण्डाधिकारी द्वारा जांच हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गीदम, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। जांच अधिकारी द्वारा 15 दिवस के भीतर जांच पूर्ण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है।

## सुदूर अंचल की शालाओं का एबीईओ ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी सुशील तिवारी ने सतत निरीक्षण के क्रम में संकुल फरसागुड़ा के प्राथमिक शाला बड़ेपारा फरसागुड़ा, संकुल सालेमेटा के अंतर्गत माध्यमिक शाला पखनाकोंगेरा व हाइस्कूल पखनाकोंगेरा का निरीक्षण किया। जिसमें कक्षा 7वीं व 8वीं के बच्चों से रूबरू होकर गणित विषय के बारे में जानकारी दी गई। अधिकारी को अपने बीच पाकर बच्चे काफी खुश नजर आ रहे थे।

फिर अधिकारी द्वारा हाइस्कूल में कक्षा 9वीं की क्लास ली गई, जिसमें संस्कृत विषय में हिंदी से संस्कृत अनुवाद कैसे किया जा सकता है कि जानकारी धातुरूप व धातुक्रिया को ब्लैकबोर्ड में चार्ट बनाकर समझाया गया। फिर भ्रमण के अगले क्रम में सुदूर अंचल में स्थित ब्लॉक बस्तर के अंतिम छोर बालक आश्रम शाला कोटगढ़ का भी निरीक्षण करने पहुचे। यहां सर्वप्रथम, आश्रम परिसर में रखरखाव का अवलोकन किया साथ ही मेस जाकर व्यवस्था देखी गई। सभी कक्ष की जांच की, जिसमें चादर व गद्दे से बदबू आ रही थी, इसे तत्काल धूप दिखाने व सफाई करवाने उपस्थित अधीक्षक सोमारू मंडावी को कड़ी चेतावनी देते हुए निर्देशित किया गया। फिर बच्चों की कक्षा में क्लास 1ली से 5वी तक के बच्चों का आकलन किया, स्तर आशा के अनुरूप नही पाया गया, स्थिति सुधारने निर्देश दिए। प्रधान अध्यापिका शाला में नही थी, स्टाफ द्वारा बनियागांव जाना बताया गया। आश्रम शाला में सुरक्षा की दृष्टिकोण से बाउंड्रीवाल की नितांत आवश्यकता है।

अगले क्रम में पूर्व माध्यमिक शाला व हाइस्कूल सोरगांव का निरीक्षण किया। यहां भी 6,वी, 7वी, 8वी के बच्चों की क्लास ली गई, जिसमें अंग्रेजी, गणित व विज्ञान विषय की जानकारी देते हुए श्यामपट का प्रयोग भी किया गया।

## गुणवत्तापूर्ण भोजन प्रदाय करने के लिए सख्त निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर जिले में संचालित सभी पोटा केबिन, आरएमएसए छात्रावासों तथा अन्य शैक्षणिक संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण भोजन प्रदाय करने के लिए सख्त निगरानी और नियमित व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। इसका उद्देश्य बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना और उन्हें प्रभावी शिक्षण व्यवस्था से जोड़े रखना है।

शिक्षा विभाग द्वारा सभी छात्रावासों में खानापंजी का नियमित संधारण करवाया जा रहा है, जिसमें प्रत्येक दिन के भोजन की प्रविष्टि और टीप लिखी जाती है। सुबह का नाश्ता एवं दोपहर का भोजन गरम एवं संतुलित रूप में बच्चों को परोसा जा रहा है। इस व्यवस्था की निगरानी के लिए अधीक्षकों को निर्देशित किया गया है कि वे प्रतिदिन जियो टैग फोटो भेजकर अपनी उपस्थिति तथा गुणवत्तापूर्ण भोजन वितरण की पुष्टि करें। साथ ही, समय-समय पर निरीक्षण के दौरान लापरवाही बरतने पर संबंधितों के विरुद्ध नोटिस और अनुशासनात्मक कार्यवाही भी की जा रही है।

जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मंडावी ने बताया कि जिले के सभी पोटा केबिन और छात्रावासों में नियमित निरीक्षण के साथ खानापंजी का नियमित संधारण सुनिश्चित किया जा रहा है। अधीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे भोजन की गुणवत्ता का स्वयं निरीक्षण करें एवं इसकी पुष्टि समय पर भेजें।

### स्वच्छता पखवाड़े के तहत हुआ प्रमाण पत्र वितरण

**दंतेवाड़ा।** विगत दिवस दंतेवाड़ा स्थानीय पुस्तकालय में स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत जन शिक्षण संस्थान में प्रशिक्षण ले रही बालिकाओं और महिलाओं को सर्टिफिकेट वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक चैतराम अटामी ने जन शिक्षण संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षार्थियों को कौशल से जुड़े रहने के लिए प्रोत्साहन करते हुए कहा कि वर्तमान में बेरोजगारी को देखते हुए यह जरूरी हो गया है कि हर महिला कौशल से जुड़कर आत्मनिर्भर बने। उन्होंने आग्रह किया कि महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होकर घर परिवार और समाज में मिसाल कायम करें। जन शिक्षण संस्थान द्वारा 15 से 45 आयु वर्ग महिलाओं, शाला त्यागी बच्चे के लिए कार्यक्रम चलाया जा रहा हैं इसके माध्यम से सरकार की योजना का लाभ लिया जा सकता है।

# जनपद उपाध्यक्ष ने स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष रखी मांगों को मिला समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा

छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य मंत्री श्यामा बिहारी जायसवाल के

- नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं कराएं उपलब्ध

चित्रकोट प्रवास के दौरान भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उनसे सौजन्य भेंट की एवं क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं से संबंधित विभिन्न मांगों को उनके समक्ष रखा।

मुलाकात के दौरान प्रमुख रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शव वाहन की कमी की ओर ध्यान आकृष्ट कराया गया। जिस पर मंत्री ने तत्काल स्वीकृति प्रदान करते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।



इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र में महिला एवं बाल रोग विशेषज्ञ की अनुपलब्धता को लेकर भी चिंता व्यक्त की गई। इस पर मंत्री ने समाधान स्वरूप प्रारंभिक चरण में मासिक चिकित्सा शिविर आयोजित कर रोगियों की पहचान और इलाज उपलब्ध कराने की व्यवस्था किए जाने की घोषणा की।

इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष मंगतुराम कश्यप, जनपद उपाध्यक्ष डॉ. बसन्त कश्यप, मण्डल उपाध्यक्ष नरेश खापर्डे, चन्द्रशेखर ठाकुर, शावेन्द्र सेठिया कोषाध्यक्ष, विकेश रंगारी युवा मोर्चा कार्यकर्ता, धनसिंह ठाकुर, दिलीप और सरपंच कश्यप, मुन्नाराम कश्यप आदि उपस्थित रहे। भाजपा के मंडल अध्यक्ष मंगतु राम कश्यप एवं जनपद पंचायत उपाध्यक्ष डॉ. बसंत कश्यप ने उक्त मांगों को विस्तार से रखते हुए क्षेत्र की स्वास्थ्य स्थिति से मंत्री को अवगत कराया। इस पर मंत्री जायसवाल ने जिला कलेक्टर बस्तर को निर्देशित किया कि इन मांगों पर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि आमजन को शीघ्र लाभ मिल सके।

यह पहल क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

## शासन की योजनाओं को शत-प्रतिशत जनता तक पहुंचाना सुनिशिचत करें : मुकुन्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



कलेक्टर देवेश ध्रुव के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में नव नियुक्त जिला पंचायत सीईओ मुकुन्द ठाकुर के द्वारा आज जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, एनआरएम एवं पंचायत विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।


बैठक में जिला पंचायत सीईओ ने जिला एवं जनपद पंचायत के अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की फ्लैगशिप योजनाओं को जमीनी स्तर में प्रत्येक हितग्राहियों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत सभी पात्र हितग्राहियों के आवास स्वीकृति एवं आवास पूर्णता निर्धारित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण आवास निर्माण करने और निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी कर्मचारियों पर कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। नियद नेल्लानार योजनांतर्गत शामिल ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों को शत प्रतिशत योजनाओं से लाभान्वित करने, आवास मित्र की कमियों को दूर करने, स्पेशल प्रोजेक्ट के अंतर्गत स्वीकृत पीएम आवासों को पूर्ण करने, शहरों में प्रवास करने वाले हितग्राहियों की सूची बनाने और निर्माणाधीन पीएम आवास को निरीक्षण एवं समीक्षा करने के निर्देश दिए। सुकमा एवं कोंटा में आवासीय कॉलोनी बनाने के संबद्ध में निर्देश दिए। उक्त बैठक में जनपद सीईओ छिंदगढ़ एवं सुकमा, जिला समन्वयक एवं आवास समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, जिला समन्वयक एसबीएम, जिला मिशन प्रबन्धक एनआरएलएम, जनपद पंचायत के विकासखंड समन्वयक, बीपीएम, एनआरएलएम और पंचायत विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### बेसलाइन मूल्यांकन में 20,645 बच्चों ने लिया भाग

**सुकमा।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत निर्वाण भारत योजना और एफएलएन लक्ष्य मिशन 2026-27 के अंतर्गत कक्षा तीसरी तक के बच्चों में भाषा एवं गणित विषयों में आवश्यक लर्निंग आउटकम की प्राप्ति के उद्देश्य से जिले में सीखेगा बचपन एफएलएन प्रथम असेसमेंट बेसलाइन मूल्यांकन का सफल आयोजन किया गया। यह मूल्यांकन 5 अगस्त को जिले की सभी शासकीय एवं अनुदान प्राप्त प्राथमिक शालाओं में प्रातः 11 बजे एक साथ आयोजित हुआ। आयोजन कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन में तथा जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मण्डावी के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस मूल्यांकन में कक्षा पहली के 5,653, कक्षा दूसरी के 7,575 तथा कक्षा तीसरी के 7,417 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कुल मिलाकर जिलेभर से 20,645 बच्चों ने इस महत्त्वपूर्ण मूल्यांकन में सहभागिता की।

## 5 खाद्य प्रतिष्ठानों को दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



आगामी राखी त्यौहार एवं वर्षा ऋतु के दृष्टिगत नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ एवं कलेक्टर दंतेवाड़ा के आदेशानुसार एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के निर्देशन में विभिन्न होटलों, मिठाई की दुकानों, किराना दुकानों, नमकीन निर्माता व्यापारियों के खाद्य परिसर का निरीक्षण किया गया एवं विभिन्न खाद्य पदार्थों का नमूना जांच हेतु लिया गया।

बने खाबों-बने रहिबों विशेष जांच अभियान के तहत विगत दिवस जिले के गीदम, दंतेवाड़ा, बचेली, किरंदुल, बारसूर, नकुलनार आदि क्षेत्रों के खाद्य परिसरों का निरीक्षण किया गया एवं चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों से खाद्य सैंपल जैसे मिठाइयां, पनीर दूध, दही, नमकीन, आटा, बेसन, मैदा, सूजी, मैदा आदि का नमूना जांच हेतु लिया गया। निरीक्षण के दौरान दंतेवाड़ा जिले के विभिन्न स्थानों निरीक्षण एवं सैंपलिंग के दौरान चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के द्वारा कुल 65 सैंपल विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों से लिया, निरीक्षण एवं सैंपलिंग के दौरान जो भी खाद्य पदार्थ उपयोग के अनुकूल नहीं पाया गया एवं अमानक पाया गया, उन्हें तुरंत नष्ट करवाया गया। इस मौके पर 5 खाद्य प्रतिष्ठानों को नोटिस दिया गया। इस क्रम में दंतेवाड़ा क्षेत्र के देवभोग स्वीट्स से बर्फी कुन्दा, कलाकंद, गुप्ता स्वीट्स से काजू कतली, बर्फी, पवन स्वीट्स एण्ड नमकीन से कलाकंद, काला जामुन, जय अम्बे बीकानेर से चुरमा लड्डू, बर्फी, बिकानेर स्वीट्स गीदम से खोया, राजस्थान स्वीट्स से बेसन लड्डू, एवं अन्य मिठाई की दुकानों से कलाकंद, नमकीन, बर्फी, रसगुल्ला, मलाई पेड़ा, काजू कतली का नमूना परीक्षण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भी भेजा गया, जांच उपरांत प्राप्त रिपोर्ट अनुसार नमूना जांच में यदि अमानक पाया जाएगा तो नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी एवं प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

**न्यायालय - व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, जिला- दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)**
**अंतर्गत धारा 372 उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने बाबत अनावेदक क्रमांक 01 की उपस्थिति हेतु नोटिस**

उत्तराधिकार प्रकरण क्रमांक- 06/2025,
प्रोसेस क्रमांक- 149/2025
पेशी दिनांक 26/08/2025, जारी दिनांक 06/08/2025

संतोष कुमार नायक . . . .आवेदक

विरूद्ध

श्रीराम लाईफ इंश्योरेंस कं. लि. शाखा जगदलपुर..
....अनावेदकगण

उपरोक्त प्रकरण के संदर्भ में आप अनावेदक क्रमांक 02- आम जनता को नोटिस (सूचना) दिया जाता है कि-

आवेदक संतोष कुमार नायक की चाची श्रीमती सीरमती कश्यप की मृत्यु दिनाँक 30/06/2024 को हो जाने से आवदेक की चाची श्रीमती सीरमती कश्यप द्वारा अनावेदक क्रमांक 01 के बीमा कंपनी में एक लाईफ इंश्योरेंस पॉलिसी (प्लान श्रीराम लाईफ इंश्योरेंस इंकम प्लस) कराई गई थी, जिसका पॉलिसी क्रमांक NN161703043238 है। उक्त पॉलिसी में पॉलिसी धारक के मृत्यु होने से उनके वैध उत्तराधिकारी को संबंधित इंश्योरेंस कंपनी द्वारा दावा राशि प्राप्त करने के लिए उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने का आवेदन पेश किया है जिसकी सुनवाई दिनाँक 26 माह 08 सन 2025 को दिन के ठीक 11:00 बजे अनावेदकगण की उपस्थिति हेतु इस न्यायालय के समक्ष नियत है।

अतः इस नोटिस के माध्यम से आप अनावेदक क्रमांक 02- आम जनता को नोटिस (सूचना) दिया जाता है कि उपरोक्त दिनाँक 26 माह 08 सन 2025 को दिन के ठीक 11:00 बजे आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से या इस संबंध में आपके लिए विधिवत प्राधिकृत कोई भी व्यक्ति उपस्थित होवें एवं पक्ष रखें तथा अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में सुनवाई की जाकर अग्रिम कार्यवाही किया जायेगा। यदि किसी कारण न्यायालयीन अवकाश हो जाता है तो उक्त मामले की सुनवाई अगले कार्य दिवस में की जावेगी।

आज दिनांक 06 माह 08 सन 2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की पदमुद्रा लगाकर जारी किया गया।

मुहर

(श्रीमती अपूर्वा दाँगी)
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)

खबर संक्षेप

## बस्तर में मिलावट खोरो के हौसले बुलंद : समीर



जगदलपुर। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता समीर खान ने मीडिया को जारी किए बयान में कहा कि बस्तर संभाग विशेषकर दंतेवाड़ा, बीजापुर,सुकमा जैसे जिलों में खाद्य विभाग की लापरवाही और मिलावटखोरी की घटनाओं में दिन-ब-दिन बढ़ोतरी हो रही है। ग्रामीण अंचल क्षेत्रों में खाद्य सामग्री जैसे दूध,दही,पनीर आदि में मिलावट आम हो चुकी है। लेकिन इसके बावजूद खाद्य विभाग की ओर से किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हो रही है।उन्होंने कहा कि त्योहारों का सीजन आते ही बाजारों में मिलावटी वस्तुओं की बाढ़ आ जाती है,लेकिन खाद्य विभाग सिर्फ खाना पूर्ति करता है। न तो होटल,रेस्टोरेंट्स में सफाई के नियमों का पालन हो रहा है और न ही खाद्य सुरक्षा अधिनियम को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है।

## कोलावल में मना स्तनपान सप्ताह



जगदलपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड के सेक्टर कोलावल में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरीश मरकाम के निर्देश अनुसार कोलावल के खासपारा आंगनबाड़ी केन्द्र में विश्व स्तनपान सप्ताह सप्ताह मनाया गया। जिसमें महिला बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षिका श्रीमती बीना साहू उपस्थित हुई। पोषक माताओं एवं गर्भवती माताओं से ग्रामीण चिकित्सा सहायक अमित दास द्वारा स्तनपान मनाने का कारण पूछा। साथ ही जन्म से छह माह तक सिर्फ दूध पिलाना जरूरी है। इस अवसर पर टीकाकरण के फायदे पर्यवेक्षक दिनेश पराते द्वारा बताया एवं कहा कि जन्म से लेकर 16 वर्ष तक बच्चे को टीकाकरण करवाना अति आवश्यक है। इस अवसर पर आईसीडीएस पर्यवेक्षक बीना साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नैती कश्यप सहित 70 पोषक माता शामिल हुई।

# स्वच्छता जागरूकता अभियान में शामिल हुए स्वास्थ्य मंत्री

## लोगों से गीला व सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबिन में रखने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगर पालिक निगम में विगत 22 दिनों से चलाए जा रहे स्वच्छता जागरूकता अभियान में मंगलवार को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शामिल हुए। उन्होंने लोगों से गीला व सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबिन में ही रखने की अपील की। उन्होंने व्यावसायियों एवं नागरिकों को समझाईश दी कि वे अपने प्रतिष्ठानों से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में रखें और समय पर आने वाली कचरा गाड़ी में ही कचरा डालें।

इस अभियान के अंतर्गत व्यापारियों को विशेष रूप से जागरूक किया जा रहा है। उन्हें समझाया गया है कि वे अपने प्रतिष्ठानों से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में रखें और समय पर आने वाली कचरा गाड़ी में ही कचरा डालें।



### ये रहे उपस्थित

स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री के साथ छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष दीपक महस्के, नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा, निर्मल पाणिग्राही, संजय विश्वकर्मा, सुरेश गुप्ता, संग्राम सिंह राणा, त्रिवेणी रंधारी, कलावती कसेर, पार्षद हरीश पारेख, रोशन सिसोदिया, आशा साहू, उर्मिला यादव, पूनम सिन्हा, गायत्री बघेल, स्वच्छता एंबेसडर रामनरेश पांडे, विधु शेखर झा, नलिन शुक्ला, कोटेश्वर नायडू, आदि उपस्थित रहे।

महापौर संजय पाण्डे ने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल स्वच्छता रैंकिंग में नंबर वन आना नहीं है, बल्कि शहरवासियों को स्वच्छता के लिए जिम्मेदार और सजग बनाना है। जब तक जन सहभागिता नहीं होगी, तब तक स्थायी स्वच्छता संभव नहीं। लेकिन जिस तरह से जनता जुड़ रही है, वह संकेत है कि हम जल्द ही बड़ा परिवर्तन देखने वाले हैं। नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा ने भी अभियान की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छता एक आदत है, जिसे अपनाने में समय लगता है, लेकिन जगदलपुरवासी जिस तरह इस अभियान को अपना रहे हैं, वह निश्चित ही प्रेरणादायी है।

## योजना को अधिक-से-अधिक लोगों के बीच पहुंचाने हुआ शिविर

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के शिविर में पहुंचे 125 लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना एक सरकारी योजना है जिसका उद्देश्य भारत में घरों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराना है। इस योजना के तहत घरों को अपनी छतों पर सोलर पैनल लगाने के लिए सब्सिडी दी जाएगी। सब्सिडी सोलर पैनल की लागत का 40 फीसदी तक कवर करेगी। उक्त बातें कंपनी के प्रशासनिक भवन परिसर में स्थित कल्याण भवन में बुधवार को आयोजित शिविर में कही। शिविर में योजना के लिए 125 लोगों ने आवेदन देकर पंजीयन कराने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ के लिए अभ्यर्थियों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करें। इसके कारण शिविर में पहुंचे लोगों को इस योजना से जुड़ी सभी तरह की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ अधिक-से-अधिक लोग ले सके, इस उद्देश्य से शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सब्सिडी की राशि सोलर प्लांट की क्षमता के अनुसार न्यूनतम 30 एवं अधिकतम 78 हजार रुपए की सब्सिडी सरकार की ओर से दी जा रही है। इस योजना का लाभ कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारी लें। शिविर में ईडी सहित कंपनी के सेवानिवृत्त पीएन सिंह, सहायक मुख्य अभियंता एके गुप्ता, अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम, कार्यपालन अभियंता एचके ध्रुव, सुदीप खेस, सलीम खान, थानसिंह उईके और सहायक, कनिष्ठ अभियंता, कर्मचारी शामिल रहे।

- योजना का लाभ के लिए अभ्यर्थियों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करें : ईडी







### सोलर से होने वाली जानकारी

शिविर में एसबीआई के अधिकारी ने बताया कि इसके लिए लोन दिया जा रहा है। वहीं क्रेडा के अधिकारी ने सोलर लगाने से लाभ की जानकारी दी। इसके बाद कंपनी के अधिकारी एवं कर्मचारी योजना का लाभ लेने के लिए पंजीकृत कराया।

## संभाग के 4 जिला मुख्यालय में बनेंगे उप पंजीयक कार्यालय भवन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग के 4 जिला मुख्यालयों में उप पंजीयक कार्यालय भवन बनाए जाएंगे। यह निर्णय राज्य सरकार द्वारा लिया गया है, जिससे लोगों को अपने दस्तावेजों के पंजीकरण के लिए सुविधा होगी। संभाग के 4 जिला मुख्यालयों में उप पंजीयक कार्यालय भवन बनाए जाने के फैसले का मुख्य उद्देश्य, लोगों को उनके निवास स्थान के करीब ही उप पंजीयक कार्यालय की सुविधा उपलब्ध कराना है। इससे लोगों को अपने दस्तावेजों के पंजीकरण के लिए दूरदराज के स्थानों पर नहीं जाना पड़ेगा। लोगों को अपने दस्तावेजों के पंजीकरण में आसानी होगी और समय की भी बचत होगी। इसका निर्माण कार्य हाऊसिंग बोर्ड द्वारा किया जाएगा, जिसमें से प्रत्येक भवन की लागत लगभग 80 लाख रूपए बताई जा रही है। संभाग के जगदलपुर, कांकेर, दंतेवाड़ा एवं कोंडागांव में भवन के लिए भूमि चयनित किया जा रहा है, इसमें से जगदलपुर का उप पंजीयक कार्यालय भवन कलेक्टोरेट परिसर में तय किया गया है।

- भवन निर्माण के लिए हाऊसिंग बोर्ड कर रहा भूमि की तलाश

### ईई व एसडीओ को दिए निर्देश

हाऊसिंग बोर्ड प्रक्षेत्र जगदलपुर के अपर आयुक्त एचके वर्मा ने बताया कि जिलों में उप पंजीयक कार्यालय भवन के लिए भूमि चयनित राजस्व विभाग से कराएं, जिससे इसका टेंडर कर निर्माण कार्य किया जा सके। इसके लिए क्षेत्र के कार्यपालन अभियंता, एसडीओ एवं उप यंत्रियों को निर्देश दिए गए हैं।

## भाजपा ने सुषमा स्वराज का किया पुण्य स्मरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व बुधवार को भाजपा नेत्री पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुषमा स्वराज की पुण्यतिथि पर उनका स्मरण किया। जिला कार्यालय में महिला मोर्चा द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया,जहा कार्यकर्ताओं ने प्रखर वक्ता, पद्म विभूषण सुषमा स्वराज को श्रद्धांजलि अर्पित की।

जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि समकालीन भारतीय राजनीति में सुषमा स्वराज एक संवेदनशील व समर्पित नेता की रुप में जानी जाती थी। कुशल राजनीतिज्ञ,सौम्यता व सादगी की प्रतिमूर्ति और ओजस्वी वक्ता के रूप में उनकी याद अमिट है। कार्यक्रम का संचालन महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुधा मिश्रा व आभार प्रदर्शन पश्चिमी नगर मण्डल अध्यक्ष प्रकाश झा ने किया। श्रद्धांजलि सभा में महापौर संजय पांडे, निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन, योगेन्द्र पांडे, सफीरा साहू, राजेन्द्र बाजपेई, हरिराम मंडावी, तरुण पांडे, संजय चंद्राकर, अतुल सिम्हा,योगेश शुक्ला, दशरथ गुप्ता लक्ष्मी कश्यप,माया रानी, आशा साहू, बिजली बैद्य, हरीश पारेख,प्रभात चौहान, वीरेंद्र जोशी, विनायक बेहरा, रोहित त्रिवेदी, जनपद उपाध्यक्ष सोनबारी भद्रे, योगेश ठाकुर, माणिक राम पंत,चंद्रकांत भण्डारी, राजपाल कसेर, गायत्री कश्यप, कलावती कसेर, रामबती भंडारी, पुष्पा तिवारी,रीना राय, प्रियंजलि दास आदि शामिल रहे।



## पंतजलि ने मनाया जड़ी बूटी सप्ताह

जगदलपुर। राष्ट्रीय जड़ी बूटी दिवस का आयोजन 4 अगस्त को पतंजलि योग परिवार बस्तर के तत्वावधान में शहीद पार्क में किया गया। जिसमें पतंजलि के संगरक्षक शक्ति सिंग, संगरक्षिका डा सुषमा झा, जिला प्रभारी इला हरि प्रसाद राव,महिला राज्यकार्यकारिणी सदस्या मान कोराम, महिला जिला प्रभारी मंजु लुकड़ तथा अन्य ने जीवन व रोगों पर उनके महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्यातिथि नगर निगम के एमआईसी सदस्य व राजस्व सभापति संग्राम सिंग राणा ने पतंजलि द्वारा योग के साथ साथ अनेक सामाजिक क्षेत्र में काम के लिए सराहना की। आज के दिन प्रतिवर्ष करोड़ों जड़ीबूटी पौधे का रोपण- वितरण पूरे भारत वर्ष में किया जाता है।

## स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने जाना मरीजों का हाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मंगलवार को मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल सहित डिमरापाल स्थित 240 सीटर सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं महारानी अस्पताल का निरीक्षण किया और सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल को प्रदेश का सबसे अच्छा अस्पताल बनाने पर बल देते हुए कहा कि यहां पर बस्तर के लोगों को जल्द ही बड़े शहरों की तरह विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में इस अस्पताल को सर्वसुविधायुक्त और आधुनिक चिकित्सा उपकरणों से सुसज्जित बनाया जा रहा है और इसके संचालन के लिए भी एमओयू किया जा चुका है। रसोईघर में मरीजों को दी जाने वाली पौष्टिक आहार यथा मिलेट्स लड्डू एवं महुआ लड्डू का स्वाद लेकर परखा। साथ ही फीमेल सर्जिकल वार्ड में मरीजों से रूबरू होकर उनकी स्वास्थ्य का हाल पूछा तथा उपचार, दवाई एवं भोजन की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। उन्होंने औषधि कक्ष में विभिन्न दवाइयों की उपलब्धता की जानकारी ली और एंटी वेनम एवं एंटी रेबीज इंजेक्शन की पर्याप्त सुलभता सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए।

# छात्राओं की शैक्षणिक सफलता में सहायक सिद्ध होंगी सशक्त साझेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शहर के धरमू माहरा शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक में चल रहे इंडक्शन कार्यक्रम के तीसरे दिन छात्राओं के लिए ज्ञानवर्धक और संवादात्मक सत्रों का आयोजन किया गया। दिन की शुरूआत कार्यक्रम संयोजक हेमचंद्र देवांगन द्वारा की गई, जिन्होंने छात्राओं को दिनभर की गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नवप्रवेशी छात्राओं के लिए आयोजित पैरेंट्स टीचर्स मीटिंग रहा। यह एक संवादात्मक सत्र था, जिसमें छात्राओं के अभिभावकों को संस्था की शैक्षणिक संरचना, पाठ्यक्रम, मूल्यांकन पद्धति, विश्वविद्यालय नियमों तथा विभिन्न सहयोगी प्रणालियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता डॉ. नमिता अगरकर एवं डॉ. बीएल देवांगन ने अभिभावकों को संबोधित किया। इसके पश्चात संस्था के प्राचार्य एसके त्रिवेदी ने उपस्थित अभिभावकों और छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि छात्राओं को नियमित उपस्थिति बनाए रखनी चाहिए और अपने करियर निर्माण पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की बैठकें अभिभावकों और संस्था के बीच सशक्त साझेदारी निर्मित करेंगी जो छात्राओं की शैक्षणिक सफलता में सहायक सिद्ध होंगी। दोपहर के पहले सत्र में एक हेल्थ टॉक सेशन का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य छात्राओं में शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस सत्र में डॉ. रमेश खुंटे, डॉ. दीपिका कुंवर एवं डॉ. संजय वर्मा जैसे विशेषज्ञों ने स्वास्थ्यवर्धक जीवनशैली, तनाव प्रबंधन और निवारक स्वास्थ्य उपायों पर जानकारी दी। जिसके बाद करियर टॉक का आयोजन हुआ, जिसमें प्रमुख वक्ताओं के रूप में अजीत सुंदर बिलगुन (सीजीएम, डीआईसी, जगदलपुर) एवं एससी गौर (सेवानिवृत्त सहायक निदेशक, डीएसएसडीए, जगदलपुर) उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं को विभिन्न करियर विकल्पों, उद्योग की अपेक्षाएं और कौशल विकास रणनीतियों के बारे में मार्गदर्शन दिया।

- अभिभावक संवाद से करियर मार्ग तक कन्या पॉलीटेक्निक में इंडक्शन का रहा तीसरा दिन

### छात्राओं ने किए सुझाव साझा

दिन का समापन कार्यक्रम समन्वयक हेमचंद्र देवांगन द्वारा लिए इंटरएक्टिव क्विज एवं फीडबैक सेशन के साथ हुआ, जिसमें छात्राओं ने अब तक के सभी सत्रों से जुड़ी जानकारी के आधार पर भाग लिया और अपने अनुभव, विचार एवं सुझाव साझा किए। यह दिन छात्राओं के लिए अत्यंत लाभकारी और प्रेरणादायक रहा, जिससे न केवल उन्हें कॉलेज जीवन की समझ मिली बल्कि भविष्य की तैयारी के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ।

## शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय की साधारण सभा समिति की बैठक

# बस्तर को मेडिकल क्षेत्र में भी अच्छी सेवाएं देते हुए बनाना है अग्रणी : जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि आदिवासी क्षेत्र में स्वास्थ्य पर बहुत अच्छा काम करने की सरकार प्रयास कर रही है। अब बस्तर भी कई ऊंचाइयों को छू रहा है, मेडिकल क्षेत्र में भी अच्छी सेवाएं देते हुए अग्रणी बनाना है। स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से क्षेत्र में मलेरिया, एनीमिया, शिशु मृत्यु दर पर नियंत्रण किया जाना है। उन्होंने मेडिकल की पढ़ाई के साथ आपदा प्रबंधन हेतु विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण करवाने के लिए कार्य योजना बनाने के लिए भी कहा। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को स्वशासी संस्था शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय डिमरापाल के साधारण सभा समिति की बैठक महाविद्यालय के सभाकक्ष में आयोजित किया गया।



बैठक में स्वशासी समिति के नये ड्राफ्ट के अनुसार संशोधित नियमावली में साधारण सभा एवं प्रबंधकारिणी समिति के सदस्यों के नाम का अनुमोदन किया गया। स्वास्थ्य मंत्री ने स्वशासी समिति (सामान्य समा) की पूर्व बैठक के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा की और प्रबंधकारिणी समिति की बैठक में समिति द्वारा अनुमोदित बजट को साधारण सभा की बैठक में सूचित किया गया। स्वशासी मद के आय व व्यय एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 का ऑडिट रिपोर्ट का अनुमोदन किया गया। साथ ही वित्तीय वर्ष 2025-26 के ऑटोनॉमस बजट में शामिल महाविद्यालय से संबंधित छात्र-छात्राओं के लिए इंडोर बैडमिंटन कोर्ट हेतु तैयार प्राक्कलन अनुमोदन किया गया। एमईटी सेल की स्थापना हेतु लगने वाले संसाधन के क्रय शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय डिमरापाल में नवीन छात्रावास निर्माण कार्य, छात्र-छात्राओं के भोजन की व्यवस्था हेतु संचालित 04 मेस का उन्नयन एवं फर्नीचर का क्रय किये जाने, बाह्य-आंतरिक परीक्षकों को विशेष मानदेय राशि प्रदाय करने, विद्युत सब स्टेशन का उन्नयन, नवीनीकरण करने एवं विद्युत सब स्टेशन तक पहुँच मार्ग का निर्माण कार्य के लिए, महाविद्यालय भवन तथा छात्रावास में लगे वाटर कूलर तथा वाटर फिल्टर का मरम्मत व नवीन हाई-कैपेसिटी (कमर्शियल), मध्यम कैपेसिटी वाटर फिल्टर क्रय हेतु अनुमोदन किया गया। इसके अलावा चिकित्सालय से संबंधित विषय पर सीएसआर और सीएमपीएचटीएफ-नियमित मद अंतर्गत चिकित्सालय टॉयलेट एवं पाईप लाईन रिनोवेशन कार्य, आपातकालीन चिकित्सालय में पार्किंग हेतु शेड निर्माण, चिकित्सालय स्टोर भवन की छत पर शेड निर्माण हेतु चर्चा की गई।

### टीबी के मरीजों को फूड बास्केट वितरित

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया ने कहा कि संस्थान में अधोसंरचना के निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान देकर कार्य को जल्द पूरा करने का प्रयास किया जाए और संस्थान में स्वास्थ्य सेवाएं व शिक्षा के लिए आवश्यक उपकरणों का क्रय सीजीएमएससी के माध्यम से करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर सीजीएमएससी के अध्यक्ष दीपक महस्के, महापौर संजय पाण्डेय, कमिश्नर डोमन सिंह, कलेक्टर हरिस एस सहित समिति के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। बैठक से पूर्व रेडक्रास के माध्यम से स्वास्थ्य मंत्री, स्वास्थ्य सचिव द्वारा तोकापाल ब्लॉक के टीबी के मरीजों को निक्षय मित्र के तहत फूड बास्केट भी वितरण किया गया।

